आया नवरात्रि का त्यौहार है

जय माता दी बोलो भगतो जय माता दी बोलो,
आया नवरात्रि का त्यौहार है होई घर घर में जय जय कार है....

पहले पायल पहनाऊँ फिर बिछवै पहनाऊँ,
फिर महावर लगाया लाल है मैया लागी बड़ी ही कमाल है,
आया नवरात्रि का त्यौहार है होई घर घर में जय जय कार है.....

माँ को साड़ी पहनाई माँ को लहंगा पहनाया,
फिर चुनरी ओढाई लाल है मैया लागी बड़ी ही कमाल है,
आया नवरात्रि का त्यौहार है होई घर घर में जय जय कार है....

माँ को चूड़ी पहनाई माँ को कंगना पहनाया,
फिर मेहंदी लगायी लाल है मैया लागी बड़ी ही कमाल है,
आया नवरात्रि का त्यौहार है होई घर घर में जय जय कार है....

माँ को हारों पहनाये माँ को कुण्डल पहनाये,
माँ को नथनी पहनाई लाला है मैया लागी बड़ी ही कमाल है,
आया नवरात्रि का त्यौहार है होई घर घर में जय जय कार है....

माँ को बिंदिया लगाई माँ को टिका लगाया,
माँ को सिंदूर लगाया लाल है माँ से पाया अटल सुहाग है,
आया नवरात्रि का त्यौहार है होई घर घर में जय जय कार है....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26739/title/aaya-navratri-ka-tayohar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |